गोपनीय

एस0पी0 सिंह
विशेष कार्याधिकारी

12/अर्द्ध0शा0प0सं0-22(5)2014/का-1-2014
उत्तर प्रदेश शासन
कार्मिक अनुभाग-1
लखनऊ :: दिनांक 01 फरवरी, 2014

प्रिय महोदय,

सिंचाई (यांत्रिक) विभाग के अंतर्गत मुख्य अभियन्ता (यांत्रिक) स्तर-2 के पद पर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में दिनांक 29.08.2013 को सम्पन्न विभागीय चयन समिति की बैठक में संस्तुत कनिष्ठ अधिकारी श्री देवेन्द्र कुमार गुप्ता की पदोन्नति की तिथि 18.09.2013 से वरिष्ठ श्री गजेन्द्र नाथ पाण्डेय की नोशनल पदोन्नति पर विचारण हेतु मुख्य सचिव की अध्यक्षता में दिनांक 30.01.2014 को विभागीय चयन समिति की बैठक संपन्न हुई। चयन समिति द्वारा श्री गजेन्द्र नाथ पाण्डेय को सृजित किये जाने वाले अधिसंख्य पद के सापेक्ष, उनके कनिष्ठ श्री देवेन्द्र कुमार गुप्ता की पदोन्नति की तिथि 18.09.2013 से मुख्य अभियन्ता (यांत्रिक) स्तर-2 के पद पर नोशनल पदोन्नति प्रदान किये जाने की संस्तुति की गयी है।

2. चूंकि श्री पाण्डेय को कनिष्ठ की पदोन्नति की तिथि से मुख्य अभियन्ता (यांत्रिक) स्तर-2 के पद पर पदोन्नति प्रदान किये जाने हेतु कनिष्ठ की पदोन्नति की तिथि 18.09.2013 से दिनांक 28.02.2014 अथवा श्री पाण्डेय की उच्च पद पर पदोन्नति तक, जो भी पहले हो, के लिए मुख्य अभियन्ता (यांत्रिक) स्तर-2 का एक अधिसंख्य पद सृजित किया जाना प्रक्रियाधीन है, अत: पूर्व सम्पन्न चयन दिनांक 29.08.2013 में संस्तुत अधिकारी श्री देवेन्द्र कुमार गुपता के दिनांक 28.02.2014 को सेवानिवृत्त होने से प्राप्त हो रही एक परिणामी रिक्ति के सापेक्ष उक्त सृजित अधिसंख्य पद को समायोजित किये जाने एवं उक्त एक परिणामी रिक्ति के सापेक्ष पदोन्नति हेतु संस्तुत श्री इष्टदेव शुक्ला की संस्तुति को निरस्त किये जाने की भी चयन समिति द्वारा संस्तुति की गयी है।

3. चयन समिति की उपर्युक्त संस्तुतियों पर मा0 मुख्यमंत्री जी का अनुमोदन प्राप्त हो गया है।

4. अत: मुझे आपसे अनुरोध करने की अपेक्षा की गयी है कि कृपया चयन समिति की उपर्युक्त संस्तुतियों के अनुसार यथावश्यक अग्रतर कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,
ह0/-
(एस0पी0 सिंह)

श्री सुरेश चन्द्रा,
प्रमुख सचिव-2,
सिंचाई विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन।

http://shasanadesh.up.nic.in